कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर,जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर–15)

क्रमांकः– एफ–6( )उपा.राज.(सा.प्र.) / ला.शाखा / जननि / ग्रे. / 2023 / 940दिनांकः–18.04.2023

संशोधित सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा डेयरी बूथ हेतु 2252 आवेदकों की लॉटरी निकाली गई थी जिसकी सूची नगर निगम जयपुर की वेबसाईट (www.jaipurmc.org) पर उपलब्ध है। पूर्व में सार्वजनिक विज्ञप्ति क्रमांक 928 दिनांक 06.04.2023 एवं क्रमांक 938 दिनांक 13.04.2023 जारी की गई थी जिसके क्रम में 2252 आवेदकों द्वारा अपने मूल दस्तावेज अटल सेवा केन्द्र, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय में प्रस्तुत किये जाने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 18.04.2023 तक बढ़ाई गई थी परन्तु आदिनांक काफी लोगों ने दस्तावेज सत्यापन नहीं कराया है। दस्तावेज सत्यापन साक्षात्कार हेतु आवश्यक है। अतः न्यायहित में अन्तिम अवसर प्रदान किया जाकर 2252 आवेदकों में से दस्तावेज सत्यापन से शेष आवेदकों द्वारा अपने मूल दस्तावेज अटल सेवा केन्द्र, नगर निगम ग्रेटर जयपुर मुख्यालय में प्रस्तुत किये जाने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 22.04.2023 तक एतद् द्वारा बढ़ाई जाती है।

आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले मूल दस्तावेज की सूची निम्नानुसार हैः–

1. आधार कार्ड
2. जनाधार कार्ड
3. जाति प्रमाण पत्र
4. बेरोजगारी प्रमाण पत्र
5. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र
6. आय प्रमाण पत्र
7. विकलांगता प्रमाण पत्र

(शिप्रा शर्मा)
उपायुक्त राजस्व प्रथम
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

प्रतिलिपि :–

1. निजी सहायक, महापौर महोदया, नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्त महोदय, नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर।
3. अतिरिक्त आयुक्त महोदय, नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर।
4. जनसम्पर्क अधिकारी को प्रेषित कर लेख है कि उक्त संशोधित सार्वजनिक विज्ञप्ति को प्रमुख राज्यस्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन करावें।
5. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर, को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार संशोधित सार्वजनिक विज्ञप्ति नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की आधिकारिक वेब साईट पर अपलोड करावें
6. प्रभारी, अटल सेवा केन्द्र, नगर निगम ग्रेटर जयपुर को भेजकर लेख हैं कि उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाईल।

Sd

उपायुक्त राजस्व प्रथम
नगर निगम ग्रेटर जयपुर